ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

**दिनांक 03.12.2020**

- **उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत आर्शीवाद वृक्ष के रूप में जैव विविधता पार्क में पौधे रोपे।**

1–नगर निगम,शाहजहाँपुर की ओर से नगर निगम के अन्तर्गत ग्राम ककरा काकर कुण्ड स्थित जैव विविधता पार्क में उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत नगरवासियो द्वारा अपने जन्मदिन,सालगिराह एवं अपने की याद में जैव विविधता पार्क में पौधे रोपित किये जा रहे है। नगर के नागरिको द्वारा नगर निगम के इस कार्य में बढ़चढ़–कर प्रतिभाग किया जा रहा है एवं नगर निगम के इस कार्य की जनसामान्य द्वारा प्रंशसा व्यक्त की जा रही है। उपहार उपवन योजना के तहत आज दिनांक 3.12.2020 को जैव विविधता पार्क में अनय कुमार शर्मा पुत्र अजय कुमार शर्मा ने अपने परिवार के साथ अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर आम का पौधा रोपित किया। इस मौके पर उपस्थित नगर आयुक्त महोदय ने इस कार्य की प्रंशसा करते हुये समस्त नगर वासियो से अपील की कि अपने जन्मदिन सालगिराह एवं अपनो की याद में जैव विविधता पार्क में पौधा लगाये, जिससे नगर को स्वच्छ वातावरण मिल सके। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं लोकभारती के व्यवस्थापक श्री आलोक मिश्रा उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगरनिगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner